आज का दिन 1797 में इटली ने अपने मौजूदा राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकार किया।

विक्रमशिला पुल पर रविवार सुबह निरीक्षण करते अमृत सिंह मीणा व अन्य पदाधिकारीगण। • हिन्दुस्तान

स्टेट हाइवे को किया जाएगा चौड़ा

भागलपुर | वरीय संवाददाता

पथ निर्माण सह पंचायतीराज विभाग के प्रधान सचिव अमृतलाल मीणा ने कहा कि जिन सड़कों से भारी वाहनों का परिचालन होता है उसे चौड़ा किया जायेगा।

मनहोला-जगदीशपुर और भागलपुर-गोराडीह-कोतवाली सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर सात मीटर तथा घोघा-पंजवारा और अकबरनगर-अमरपुर सड़क की चौड़ाई 10 मीटर की जायेगी। घोघा-पंजवारा और अकबरनगर-अमरपुर सड़क का टेंडर हो चुका है। इन वैकल्पिक रास्ते से भी बड़ी गाड़ियां चल सकेंगी। चपानाला से तिलकामांझी तक जर्जर सड़क की मरम्मत करायी जाएगी। फरक्का बराज पर गाड़ियों का परिचालन बंद होने से विक्रमशिला पुल पर गाड़ियों का लोड बढ़ गया है। इस पुल पर जाम रोकने के लिए डीएम और एसएसपी द्वारा वनवे ट्रैफिक करने की योजना बनायी जा रही है।

बैठक

- जाम से राहत के लिए हरसंभव प्रयास करने के दिये निर्देश
- विक्रमशिला पुल पर वनवे ट्रैफिक व्यवस्था करने की तैयारी

लोहिया पुल की होगी मरम्मत: प्रधान सचिव ने कहा कि लोहिया पुल का रखरखाव पथ निर्माण विभाग करेगा। प्राक्कलन बन गया है। जल्द ही इसकी मरम्मत और रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। भोलानाथ पुल के नीचे से काफी संख्या में गाड़ियां चल रही हैं। सड़क नीचे रहने से परेशानी हो रही है। पुल निर्माण निगम द्वारा डीपीआर बनाया जा रहा है। फ्लाईओवर निर्माण में जो भी बाधाएं आ रही हैं उसे दूर किया जाएगा। मुंगेर से मिर्जाचौकी के बीच फोरलेन के लिए यहां से जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हो जाएगा।

विक्रमशिला पुल के समानांतर पुल के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इससे पहले रविवार की सुबह प्रधान सचिव ने विक्रमशिला पुल, लोहिया पुल, [illegible] पुल, भोलानाथ पुल और [illegible] का निरीक्षण किया। बैठक में आयुक्त राजेश कुमार, डीएम प्रणव कुमार, एसएसपी आशीष भारती, एनएच के मुख्य अभियंता [illegible] ठाकुर के अलावा भागलपुर और बांका जिले के अधिकारी उपस्थित थे।

वैकल्पिक रास्ते से जाना होगा कहलगांव

हलचल

हर घर

गंगो

रैली